nt>

Title: Need to clear the pending projects providing for civic amenities to the tribal people in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat. - Laid.

श्री मनसुखभाई डी.वसावा (भरूच) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरुच के अंतर्गत एवं नर्मदा में रिजर्व फौरेस्ट ऐरिया के लोग मौलिक सुविधाओं से वंचित हैं। उन लोगों को यातायात के लिये सडकों का अभाव है, उनके खेतों को पानी नहीं मिलता है तथा उनके बच्चे स्कूल के अभाव में शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इसका कारण यह है कि वन संबंधी जो कानून हैं उनके कारण सड़कें नहीं बन पाती हैं, स्कूल नहीं बन पाते हैं, सिंचाई के लिये चैक डैंम नहीं बन पाते हैं। केन्द्र सरकार का कहना है कि विकास संबंधी कार्यों में कोई देरी नहीं होती है परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में मौलिक सुविधा एवं आदिवासियों के विकास के लिये और उनके जीवन के लिये आवश्यक सुविधाओं के जो निर्माण कार्य होने हैं उन्हें केन्द्र सरकार ने अभी तक स्वीकृति नहीं दी है। इन सब के कारण वनों में रहने वाले लोग वनवासी ही हैं, उन्हें शहर जैसी सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वन क्षेत्र में रहने वालों को मौलिक सुविधाओं वाले काम को जल्द किया जाये और सभी लम्बित प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाये।